This question paper contains **16+8** printed pages]

*Your Roll No.* ..........................

**1456**

**B.Com./II** **E-1**

# Paper VII—CORPORATE ACCOUNTING

(Admission of 2006 onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 55

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the studends of the regular colleges (Cat. A). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB/SOL at the time of posting of awards for compilation of result.

*Instructions for the candidates* :

(1) *All* questions are compulsory.

(2) *All* questions carry equal marks. Show all workings clearly as part of the answer.

(3) Use of simple calculator is allowed.

(1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । सभी कार्यकारी टिप्पणी स्पष्टतः प्रश्न के भाग के रूप में दर्शाइये।

(3) सादा कैल्कुलेटर का प्रयोग मान्य है।

1. Mercury Ltd. issued a prospectus inviting applications for 10,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share payable as follows :

On Application Rs. 3

On Allotment Rs. 5 (Including Premium)

On First Call Rs. 3

On Final Call Re. 1

Applications were received for 16,000 shares. Pro rata allotment was made on applications for 12,000 shares and 4,000 share applications were rejected.

Mr. A who had 200 shares, failed to pay the allotment money. And on his failure to pay the first call also, his shares were forfeited.

Mr. B, the holder of 300 shares, failed to pay the two calls and his shares were forfeited after the second call. Of the shares forfeited, 400 shares were sold to "C" credited as fully paid for Rs. 9 per share, the whole of Mr. A's shares being included.

Pass necessary journal entries and show relevant extracts in the Balance Sheet of the company as per the Companies Act. 11

मर्करी लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000 शेयरों को 2 रु. प्रति शेयर प्रीमियम पर जारी करने के लिए आवेदन निमंत्रित करते हुए विवरणिका जारी की जिनके लिए निम्नलिखित राशि देय है :

आवेदन के साथ 3 रु.

आबंटन पर 5 रु. (प्रीमियम को शामिल करके)

प्रथम माँग पर 3 रु.

अंतिम माँग पर 1 रु.

16,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 12,000 शेयरों के लिए आवेदनों पर यथानुपात आबंटन कर दिया गया और 4,000 शेयरों के आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया।

मिस्टर A के पास 200 शेयर थे पर वह आबंटन राशि नहीं दे सका। प्रथम माँग की राशि भी न देने पर उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया।

मिस्टर B के पास 300 शेयर थे। वह दो माँगों का पैसा नहीं दे सका और दूसरी माँग के बाद उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया। जब्त किये गये शेयरों में से 400 शेयर 9 रु. प्रति शेयर की दर से पूर्णदत्त रूप में "C" को बेच दिए गए जिनमें A के सारे शेयर शामिल थे।

जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए और कंपनी अधिनियम के अनुसार कंपनी के तुलनपत्र में संगत निष्कर्षों को प्रदर्शित कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What are the conditions for buy back of equity shares ? 3

(*b*) The capital structure of Venus Ltd. consists of 50,000 equity shares of Rs. 10 each and 2,000, 8% redeemable preference shares of Rs. 100 each fully paid up. Undistributed reserves and surplus stood as under :

General Reserve Rs. 1,40,000

P & L A/c Rs. 50,000.

Securities Premium A/c Rs. 24,000

Cash and Bank amounted to Rs. 1,96,000. Preference shares are to be redeemed at a premium of 10% and for the purpose of redemption, the directors are empowered to make a fresh issue of equity shares at par after utilizing the undistributed reserves and surplus, subject to the condition that a sum of Rs. 40,000 shall be retained in General Reserve.

Pass the journal entries to give effect to the above arrangements assuming that the company could not trace the holders of 100 preference shares. 8

(क) ईक्विटी शेयरों की वापस खरीद से संबंधित शर्तें क्या हैं ?

(ख) वीनस लिमिटेड की पूँजीगत संरचना में 10 रु. वाले 50,000 ईक्विटी शेयर और 100 रु. वाले 2,000 पूर्णदत्त, 8% वाले प्रतिदेय अधिमान शेयर शामिल हैं। अवितरित रिजर्व तथा अधिशेष इस प्रकार देखा गया :

सामान्य रिज़र्व 1,40,000 रु.

लाभ और हानि लेखा 50,000 रु.

प्रतिभूति प्रीमियम लेखा 24,000 रु.

रोकड़ तथा बैंक में 1,96,000 रु. हैं। अधिमान शेयरों का 10% प्रीमियम पर प्रतिदान करना है और प्रतिदान के उद्देश्य से निदेशकों को यह शक्ति प्रदान की गई है कि सममूल्य पर नए ईक्विटी शेयरों को अवितरित रिज़र्वों और अधिशेष को प्रयोग में लेने के बाद इस शर्त के साथ जारी करें कि 40,000 रु. की राशि सामान्य रिजर्व में रखी जाए।

यह मानकर कि कंपनी 100 अधिमान शेयरधारी का पता नहीं लगा पाई, उपर्युक्त व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ पास कीजिए।

2. Galaxy Ltd. issued Rs. 20,00,000, 10% debentures on 1st April, 2011. They were to be redeemed on 31st March, 2014. For this purpose, the company established a sinking fund. Investments are expected to earn 5% interest p.a. Sinking fund table shows that 0.317208 invested annually at 5% amounts to Re. 1 in 3 years. On 31st March, 2014, the bank balance was Rs. 8,40,000 before receipt of interest on sinking fund investments. On that date, the investments were sold for Rs. 13,12,000. Calculate the interest to the nearest of a rupee and investments are made in multiples of Rs. 100. Entries relating to interest and TDS on debentures may be ignored.

Prepare :

(*i*) 10% Debentures A/c

(*ii*) Sinking Fund A/c

(*iii*) Sinking Fund Investments A/c and

(*iv*) Bank A/c in the books of the company. 11

गैलैक्सी लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2011 को 10% वाले 20,00,000 डिबेन्चर जारी किए थे। उनका प्रतिदान 31 मार्च, 2014 को किया जाना था। इस उद्देश्य से कंपनी ने निक्षेप निधि स्थापित की। निवेशों से 5% ब्याज प्रति वर्ष प्राप्त होने की आशा है। निक्षेप निधि तालिका प्रदर्शित करती है कि 0.317208 रु. को 5% वार्षिक पर निवेश करने से 3 वर्ष में 1 रु. हो जाता है। 31 मार्च, 2014 को बैंक में निक्षेप विधि निवेशों पर प्राप्त ब्याज से पूर्व 8.40.000 रु. शेष थे। इस दिन निवेशों को 13,12,000 रु. में बेच दिया गया था। निकटतम रु. में ब्याज का परिकलन कीजिए और निवेश 100 रु. के गुणनों में किए गए हैं। डिबेन्चरों पर ब्याज और TDS से संबंधित प्रविष्टियों पर ध्यान नहीं दीजिए।

तैयार कीजिए :

(*i*) 10% डिबेन्चर लेखा

(*ii*) निक्षेप निधि लेखा

(*iii*) निक्षेप निधि निवेश लेखा और

(*iv*) कंपनी के खातों में बैंक लेखा।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What are the statutory provisions with regard to transfer of profit to reserve based on payment of dividend. 3

(*b*) Universe Ltd. wants to redeem its 20,000, 8% preference shares of Rs. 10 each fully paid up at 10% premium. The ledger accounts show the following balances :

| | |
|---|---|
| Securities Premium | 2000 |
| P & L A/c | 10000 |
| General Reserve | 15000 |

The company redeemed the preference shares by making minimum fresh issue of equity shares of Rs. 10 each at 5% premium. Calculate the minimum amount of fresh issue of equity shares as per the Companies Act. 3

(*c*) A company purchased from the market its own 200, 12% debentures of Rs. 100 each at Rs. 90 on 31st December, 2013. Pass the necessary journal entries on 31st December 2013 when debentures are purchased cum-interest and cancelled immediately.

Debenture interest is paid on 30th September and 31st March. Accounts are closed on 31st March. 5

(क) लभांश अदायगी पर आधारित लाभ को रिज़र्व में अंतरित करने के संबंध में सांविधिक व्यवस्थाओं को बताइए।

(ख) यूनिवर्स लिमिटेड पूर्णदत्त 10 रु. वाले 20,000, 8% अधिमान शेयरों का प्रतिदान 10% प्रीमियम पर करना चाहती है। लेजर लेखों से निम्नलिखित शेष प्रदर्शित होते हैं :

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति प्रीमियम | 2000 |
| लाभ और हानि लेखा | 10000 |
| सामान्य रिजर्व | 15000 |

कंपनी ने 5% प्रीमियम पर 10 रु. वाले न्यूनतम नए ईक्विटी शेयर जारी करके अधिमान शेयरों का प्रतिदान कर दिया। कंपनी अधिनियम के अनुसार नए जारी किए गए ईक्विटी शेयरों की न्यूनतम राशि का परिकलन कीजिए।

(ग) कंपनी ने 31 दिसंबर, 2013 को 90 रु. में 100 रु. वाले 200. 12% अपने ही डिबेन्चरों को बाजार से खरीद लिया था। 31 दिसंबर, 2013 तक की आवश्यक जर्नल प्रविष्टियों को पास कीजिए जबकि डिबेन्चर ब्याज सहित खरीदे गए थे और तत्काल निरस्त कर दिए गए थे।

डिबेन्चर पर ब्याज 30 सितम्बर और 31 मार्च को दिया गया है। लेखों को 31 मार्च को बंद कर दिया गया है।

3. Anjana Ltd. agreed to acquire the business except cash of Manvi Ltd. as on 31st March, 2014. The summarized balance sheet of Manvi Ltd. on that date is as follows :

| **Equity and Liabilities** | Rs. |
|---|---|
| Share Capital : 30,000 shares of Rs. 10 each | 3,00,000 |
| General Reserve | 1,00,000 |
| Profit & Loss A/c | 40,000 |
| 12% Debentures | 50,000 |
| Creditors | 20,000 |
| Total | 5,10,000 |
| **Assets** | Rs. |
| Goodwill | 50,000 |
| Land and Building | 1,00,000 |
| Plant and Machinery | 2,20,000 |
| Stock in Trade | 80,000 |
| Sundry Debtors | 30,000 |
| Cash at Bank | 30,000 |
| Total | 5,10,000 |

The following was mutually agreed :

(*i*) A cash payment of Rs. 3.50 for each share of Rs. 10 in Manvi Ltd.

(*ii*) The issue of 45,000, Rs. 10 fully paid shares of Anjana Ltd. having an agreed value of Rs. 12.50 per share.

The debentures of Manvi Ltd. were discharged by issuing equivalent number of 11% debentures in Anjana Ltd.

The management of Anjana Ltd. revalued the assets of Manvi Ltd. as follows :

Land and Building at Rs. 1,68,000, Plant and Machinery at Rs. 4,50,000. Stock-in-trade at Rs. 70,000 and Debtors at their face value subject to an allowance of 4% to cover doubtful debts.

Prepare Realization A/c, Anjana Ltd. A/c, Equity Shareholders A/c and Bank A/c in the books of Manvi Ltd. and draft opening journal entries in the books of Anjana Ltd. 11

अंजना लिमिटेड ने मानवी लिमिटेड के व्यवसाय को 31 मार्च, 2014 को, रोकड़ को छोड़कर अर्जित करने पर सहमति दे दी थी। मानवी लिमिटेड का इस दिन तक का संक्षिप्त तुलन-पत्र इस प्रकार है :

| **ईक्विटी और देयताएँ** | रु. |
|---|---|
| शेयर पूँजी : 10 रु. वाले 30,000 शेयर | 3,00,000 |
| सामान्य रिज़र्व | 1,00,000 |
| लाभ और हानि लेखा | 40,000 |
| 12% डिबेन्चर | 50,000 |
| लेनदारियाँ | 20,000 |
| कुल | 5,10,000 |
| **परिसंपत्तियाँ** | **रु.** |
| सुनाम | 50,000 |
| भूमि तथा भवन | 1,00,000 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 2,20,000 |
| व्यापार में स्टॉक | 80,000 |
| विविध देनदारियाँ | 30,000 |
| बैंक में रोकड़ | 30,000 |
| कुल | 5,10,000 |

निम्नलिखित पर पारस्परिक रूप में सहमति हुई :

(*i*) मानवी में 10 रु. वाले प्रत्येक शेयर के लिए 3.50 रु. नकद दिए जाएँ।

(*ii*) अंजना लिमिटेड के पूर्णदत्त 10 रु. वाले 45,000 शेयर 12.50 रु. प्रति शेयर पर जारी करने पर सहमति हुई।

मानवी लिमिटेड के डिबेन्चरों को, अंजना लिमिटेड में 11% डिबेन्चरों की समान संख्या जारी करके छुड़ा लिया गया।

अंजना लिमिटेड के प्रबंधकों ने मानवी लिमिटेड की परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन इस प्रकार किया :

भूमि और भवन 1,68,000 रु. के हैं, संयंत्र तथा मशीनरी 4,50,000 रु. की है। व्यापारगत स्टॉक 70,000 रु. का है और देनदारियाँ उनके अंकित मूल्य पर हैं बशर्ते कि संदिग्ध ऋणों को पूरा करने के लिए 4% का बट्टा दिया जाए।

मानवी लिमिटेड के खातों में नकदीकरण लेखा, अंजना लिमिटेड लेखा, ईक्विटी शेयरधारियों का लेखा और बैंक लेखा तैयार कीजिए और अंजना लिमिटेड के खातों में जर्नल प्रविष्टियाँ शुरू करने का प्रारूप तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What do you mean by purchase consideration as per AS-14 ? 3

(*b*) The following is the Balance Sheet of Pluto Ltd. as on 31st March, 2014 :

| Equity and Liabilities | Rs. |
|---|---|
| Equity Share Capital : 2,00,000 equity shares of Rs. 10 each (Rs. 8 called up) | 16,00,000 |
| 10% Preference Share Capital (8000 shares of Rs. 100 each) | 8,00,000 |
| Profit & Loss A/c (loss) | (8,00,000) |
| 12% Debentures | 1,30,000 |
| Unsecured Loan | 3,20,000 |
| Trade Creditors | 1,50,000 |
| Outstanding Expense | 1,00,000 |
| Total | 23,00,000 |

| Assets | Rs. |
|---|---|
| Goodwill | 90,000 |
| Land & Building | 7,00,000 |
| Plant & Machinery | 6,00,000 |
| Investments | 80,000 |
| Inventories | 3,60,000 |
| Sundry Debtors | 4,20,000 |
| Cash at Bank | 50,000 |
| Total | 23,00,000 |

The company has been incurring persistent losses. The following scheme of reconstruction is duly agreed and approved by the court :

(*i*) Uncalled capital is to be called up in full and equity shares are to be reduced to Rs. 4 each.

(*ii*) Preference Dividend was in arrears for 4 years which preference shareholders agree to forego.

(*iii*) 12% Debentureholders accept Rs. 65,000 worth 14% debentures in full satisfaction of their claim.

(*iv*) Trade creditors are to forego 20% of their claims and a provision for doubtful debts @ 5% is to be made against Sundry Debtors.

(*v*) Inventories are overvalued by Rs. 1,00,000 and machinery is to be brought down to Rs. 4,00,000.

(*vi*) Write off goodwill and losses of the company.

You are required to pass necessary journal entries. 8

(क) AS-14 के अनुसार क्रय प्रतिफल से आप क्या समझते हैं ?

(ख) प्लूटो लिमिटेड का 31 मार्च, 2014 तक का तुलन-पत्र इस प्रकार है :

| **ईक्विटी तथा देयताएँ** | रु. |
|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी : 10 रु. वाले 2,00,000 ईक्विटी शेयर (जिनमें 8 रु. माँगे जा चुके हैं) | 16,00,000 |
| 10% अधिमान शेयर पूँजी (100 रु. वाले 8000 शेयर) | 8,00,000 |
| लाभ और हानि लेखा (हानि) | (8,00,000) |
| 12% डिबेन्चर | 1,30,000 |
| असुरक्षित ऋण | 3,20,000 |
| व्यापार की लेनदारियाँ | 1,50,000 |
| बकाया खर्चे | 1,00,000 |
| कुल | 23,00,000 |
| **परिसंपत्तियाँ** | रु. |
| सुनाम | 90,000 |
| भूमि तथा भवन | 7,00,000 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 6,00,000 |
| निवेश | 80,000 |
| स्टॉक | 3,60,000 |
| विभिन्न देनदारियाँ | 4,20,000 |
| बैंक में रोकड़ | 50,000 |
| कुल | 23,00,000 |

कंपनी को लगातार हानि हो रही है। पुनर्रचना की निम्नलिखित योजना पर सहमति हो गई है और न्यायालय ने भी स्वीकृति दे दी है :

(*i*) माँगी न गई पूँजी को पूरा माँग लिया गया और ईक्विटी शेयरों को घटाकर 4 रु. वाले शेयरों में बदल दिया गया है।

(*ii*) अधिमान लाभांश 4 वर्ष से बकाया था पर अधिमान शेयरधारियों ने उसे छोड़ देना स्वीकार कर लिया है।

(*iii*) 12% डिबेन्चरधारी अपने दावे की पूरी संतुष्टि के साथ 65,000 रु. के 14% डिबेन्चर लेने को रजामंद हो गए हैं।

(*iv*) व्यापार के लेनदार अपने दावे का 20% छोड़ देंगे और विविध देनदारियों के विभिन्न संदिग्ध ऋणों के लिए 5% की दर से व्यवस्था की जाए।

(*v*) स्टॉक को 1,00,000 रु. अधिमूल्यन किया गया है और मशीनरी का मूल्य घटा-कर 4,00,000 रु. कर दिया जाए।

(*vi*) कंपनी के सुनाम और हानियों को बट्टे खाते डाल दिया जाये।

आपको आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ पास करनी हैं।

4. The following is the Trial Balance of Saturn Ltd. as at 31-3-2014 :

| Debit Balances | Rs. | Credit Balances | Rs. |
|---|---|---|---|
| Inventories (on 1-4-2013) | 75,000 | Purchases returns | 10,000 |
| Purchase | 2,45,000 | Sales | 3,40,000 |
| Wages | 30,000 | Discount Received | 3,000 |
| Carriage | 950 | Profit & Loss Balance | 15,000 |
| Furniture | 17,000 | Share Capital (Rs. 10 each) | 1,00,000 |
| Salaries | 7,500 | Creditors | 17,500 |
| Rent | 4,000 | General Reserve | 15,500 |
| Trade Expense | 16,950 | Bills Payable | 7,000 |
| Debtors | 27,500 | | |
| Plant & Machinery | 29,000 | | |
| Cash at Bank | 45,300 | | |
| Patents | 4,800 | | |
| Bills Receivable | 5,000 | | |
| | 5,08,000 | | 5,08,000 |

*Additional information* :

(*i*) Inventories on 31-3-2014 were Rs. 88,000.

(*ii*) Provide for Income Tax @ 35% and Corporate Dividend Tax at 16.995%.

(*iii*) Depreciate Plant and Machinery at 15%, Furniture 10% and Patents at 5%.

(*iv*) Outstanding rent amounts to Rs. 800 and outstanding salaries Rs. 900.

(*v*) Provide Rs. 5·10 for doubtful debts.

(*vi*) Payment of dividend @ 15% per annum is recommended.

(*vii*) Transfer the minimum required amount to general reserve.

Prepare Profit & Loss Statement and Balance Sheet in proper form (as per revised schedule) for the year ended 31st March, 2014 after taking into account the above adjustments. 11

सैटर्न लिमिटेड का 31-3-2014 को तलपट इस प्रकार है :

| **डेबिट शेष** | रु. | **क्रेडिट शेष** | रु. |
|---|---|---|---|
| स्टॉक (1-4-2013 को) | 75,000 | क्रयों की वापसी | 10,000 |
| क्रय | 2,45,000 | बिक्री | 3,40,000 |
| मजदूरियाँ | 30,000 | प्राप्त बट्टा | 3,000 |
| कैरिज | 950 | लाभ और हानि शेष | 15,000 |
| फर्नीचर | 17,000 | शेयर पूँजी (10 रु. वाले) | 1,00,000 |
| वेतन | 7,500 | लेनदारियाँ | 17,500 |
| किराया | 4,000 | सामान्य रिजर्व | 15,500 |
| व्यापार खर्चे | 16,950 | देय बिल | 7,000 |
| लेनदारियाँ | 27,500 | | |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 29,000 | | |
| बैंक में रोकड़ | 45,300 | | |
| पेटेन्ट | 4,800 | | |
| प्राप्य बिल | 5,000 | | |
| | 5,08,000 | | 5,08,000 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(*i*) 31-3-2014 को स्टॉक 88,000 रु. का था।

(*ii*) आयकर के लिए 35% की दर से और कंपनी के लाभांश पर 16.995% की दर से व्यवस्था कीजिए।

(*iii*) संयंत्र तथा मशीनरी पर 15%, फर्नीचर पर 10% और पेटेन्टों पर 5% मूल्यह्रास लगाइये।

(*iv*) बकाया किराया 800 रु. है और बकाया वेतन 900 रु. है।

(*v*) संदिग्ध ऋणों के लिए 510 रु. की व्यवस्था कीजिए।

(*vi*) लाभांश 15% की दर से प्रति वर्ष देने की सिफारिश की जाती है।

(*vii*) न्यूनतम वांछित राशि सामान्य रिजर्व में अंतरित कर दी जाये।

उपर्युक्त समायोजनों को लागू करने के पश्चात् उपयुक्त रूप में (पुनरीक्षित अनुसूची के अनुसार) 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा और तुलन-पत्र तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

From the particulars given below of Jupiter Ltd., prepare the Cash Flow Statement as per AS-3 (Revised) using indirect method :

| Equity and Liabilities | 31-3-2014 | 31-3-2013 |
|---|---|---|
| Equity share Capital | 9,30,000 | 6,30,000 |
| Profit & Loss A/c | 2,80,000 | 2,64,000 |
| General Reserve | 55,000 | 46,000 |
| 10% Debentures | 5,90,000 | 4,90,000 |
| Creditors | 45,000 | 40,000 |
| Accrued Liability | 24,000 | 18,000 |
| Provision for Income Tax | 6,000 | 10,000 |
| Total | 19,30,000 | 14,98,000 |

| Assets | 31-3-2014 | 31-3-2013 |
|---|---|---|
| Plant | 14,30,000 | 10,10,000 |
| *Less* : Accumulated Depreciation | (2,06,000) | (1,36,000) |
| Non-current investments | 2,30,000 | 2,54,000 |
| Inventory | 2,88,000 | 2,20,000 |
| Debtors | 94,000 | 1,10,000 |
| Cash | 92,000 | 30,000 |
| Discount on Issue of Debentures | 2,000 | 10,000 |
| Total | 19,30,000 | 14,98,000 |

*Additional information* :

(*i*) Sold plant costing Rs. 20,000 with book value of Rs. 16,000 for Rs. 10,000.

(*ii*) Sold investments costing Rs. 1,80,000 for Rs. 2,04,000. Some investments were purchased for cash also.

(*iii*) Issued Rs. 50,000 of debentures at face value in exchange for plant on 31-3-2013. Some plants were purchased for cash also.

(*iv*) During the year interest received on long-term investments was Rs. 12,000. Interest on debenture was duly paid.

(*v*) Provision for tax made during the year was Rs. 14,000. 11

जुपिटर लिमिटेड के निम्नलिखित विवरणों से AS-3 (पुनरीक्षित) के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि का प्रयोग करके रोकड़ प्रवाह कथन तैयार कीजिए :

| **ईक्विटी तथा देयताएँ** | **31-3-2014** | **31-3-2013** |
|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 9,30,000 | 6,30,000 |
| लाभ और हानि लेखा | 2,80,000 | 2,64,000 |
| सामान्य रिजर्व | 55,000 | 46,000 |
| 10% डिबेन्चर | 5,90,000 | 4,90,000 |
| लेनदारियाँ | 45,000 | 40,000 |
| उपचित देयताएँ | 24,000 | 18,000 |
| आयकर के लिए व्यवस्था | 6,000 | 10,000 |
| कुल | 19,30,000 | 14,98,000 |
| **परिसंपत्तियाँ** | **31-3-2014** | **31-3-2013** |
| संयंत्र | 14,30,000 | 10,10,000 |
| **घटाएँ :** संचित मूल्यह्रास | (2,06,000) | (1,36,000) |
| नॉन-करेंट निवेश | 2,30,000 | 2,54,000 |
| स्टॉक | 2,88,000 | 2,20,000 |
| देनदारियाँ | 94,000 | 1,10,000 |
| रोकड़ | 92,000 | 30,000 |
| डिबेन्चरों को जारी करने पर बट्टा | 2,000 | 10,000 |
| कुल | 19,30,000 | 14,98,000 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(*i*) 20,000 रु. की लागत के संयंत्र को, जिसका खाता मूल्य 16,000 रु. है, 10,000 रु. में बेच दिया गया।

(*ii*) 1,80,000 रु. के निवेशों को 2,04,000 रु. में बेच दिया गया। कुछ निवेशों को रोकड़ भी खरीदा गया था।

(*iii*) अंकित मूल्य पर 50,000 रु. के डिबेन्चरों को संयंत्र के विनिमय में 31-3-2013 को जारी किया गया। कुछ संयंत्रों को रोकड़ में खरीदा गया था।

(*iv*) इस वर्ष के दौरान दीर्घावधिक निवेशों पर 12,000 रु. ब्याज प्राप्त हुआ। डिबेन्चरों पर ब्याज दे दिया गया था।

(*v*) इस वर्ष कर के लिए 14,000 रु. की व्यवस्था की गई।

(*a*) Explain the meaning and significance of Capital Gearing ratio and Price-Earning ratio. 3

(b) The following figures have been extracted from the books of Sun Ltd. and Moon Ltd. for the year ended 31st March, 2014 :

| **Particulars** | **Sun Ltd.** (in Rs.) | **Moon Ltd.** (in Rs.) |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | 72,00,000 | 46,00,000 |
| Earnings Before Interest and Tax (EBIT) | 14,40,000 | 6,76,000 |
| Current Assets | 18,00,000 | 8,50,000 |
| Current Liabilities | 10,00,000 | 4,20,000 |
| Average Trade Receivables | 11,00,000 | 6,00,000 |
| Equity Share Capital | 20,00,000 | 16,00,000 |
| Reserve and Surplus | 4,00,000 | 2,50,000 |
| Long-term loan | 12,00,000 | 2,00,000 |

*Note* : Credit sales of Sun Ltd. and Moon Ltd. accounted for 80% of their total sales.

Calculate the following ratios for both the above-mentioned companies and comment on their comparative performance :

(*i*) Net Profit Ratio

(*ii*) Current Ratio

(*iii*) Trade Receivable Turnover Ratio

(*iv*) Return on Investment. 8

(क) पूँजी गीयरिंग अनुपात और कीमत-अर्जक अनुपात के अर्थ और महत्व की व्याख्या कीजिए।

(ख) निम्नलिखित आँकड़ों को सन लिमिटेड और मून लिमिटेड के खातों से 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निष्कर्षित किया गया है :

| विवरण | सन लिमिटेड (रु.) | मून लिमिटेड (रु.) |
|---|---|---|
| प्रचालनों से राजस्व | 72,00.000 | 46.00.000 |
| ब्याज और कर चुकाने से पहले आमदनी (EBIT) | 14.40.000 | 6.76.000 |
| चालू परिसंपत्तियाँ | 18.00,000 | 8,50,000 |
| चालू देयताएँ | 10,00.000 | 4.20,000 |
| औसत व्यापार प्राप्य | 11,00,000 | 6,00.000 |
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 20.00.000 | 16.00.000 |
| रिजर्व तथा अधिशेष | 4,00,000 | 2,50,000 |
| दीर्घावधिक ऋण | 12,00,000 | 2.00.000 |

**नोट** : सन लिमिटेड और मून लिमिटेड की उधार बिक्री उनकी कुल बिक्री की 80% थी।

उपर्युक्त दोनों कंपनियों के लिए निम्नलिखित अनुपातों का परिकलन कीजिए और उनकी तुलनात्मक निष्पादनता पर टिप्पणी कीजिए :

(*i*) निवल लाभ अनुपात

(*ii*) चालू अनुपात

(*iii*) व्यापार का प्राप्य पण्यावर्त अनुपात

(*iv*) निवेशों पर प्रतिफल।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) When an asset is classified as 'current asset' as per revised Schedule VI of the Companies Act ? 3

(*b*) What is the meaning of "Cash and Cash Equivalents" as per AS-3 (Revised) ? 3

(*c*) Briefly discuss the 'Common-size Statement' and 'Trend Analysis' technique of financial statement analysis. 5

(क) परिसंपत्ति को कंपनी अधिनियम की पुनरीक्षित अनुसूची VI के अनुसार चालू परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है।

(ख) AS-3 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'रोकड़ और रोकड़ समतुल्यों' का क्या अर्थ है ?

(ग) वित्तीय कथन विश्लेषण के 'समान आकार कथन' और प्रवृत्ति विश्लेषण तकनीक की संक्षेप में विवेचना कीजिए।